## एक नजर में

### मासूम के सामने पति ने पत्नी की हत्या

रीवा. जिले के ग्राम सगरा में मानवता को झगझोर देने वाला एक मामला सामने आया है. यहां नशे में धुत पति ने पत्नी पर चाकू और हासिए से हमला कर मौत के घाट उतार दिया. वारदात के बाद आरोपी पति फरार हो गया है. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर महिला के शव को पीएम के लिए अस्पताल में भिजवाया और आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी है. इस पूरी वारदात की चश्मदीन आरोपी और मृतका की मासूम बेटी है जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है.

### बड़वानी जिले में भूकंप के हल्के झटके

बड़वानी. बुधवार दोपहर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस घटना में किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है. जानकारी के मुताबिक दोपहर करीब 12 बजकर 48 मिनट पर अचानक धरती में कंपन महसूस हुआ. विभाग की वेबसाइट पर भूकंप की तीव्रता 3.6 रिक्टर स्केल दर्ज की गई, जबकि बड़वानी स्थित वेधशाला में इसकी तीव्रता 3.4 रिक्टर स्केल मापी गई. एडीएम सोहन कनास ने सेंधवा सहित अन्य क्षेत्रों में झटके महसूस होने की पुष्टि की.

### महीने भर बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा चोरी का आरोपी

सतना. जैतवारा पुलिस द्वारा घर मे घुसकर आलमारी से सोने चांदी के लगभग 8 लाख रु के आभूषण की चोरी करने वाले आरोपी को महीने भर बाद गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया. अभिषेक कुमार पाण्डेय थाना प्रभारी जैतवारा से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया द्वारा रिपोर्ट की गई थी कि 05 मार्च को सुबह 9.00 बजे उनके घर मे पूजा थी जिसमे मेरे सभी मेहमान व परिवार के लोग शामिल थे. घर मे नीचे वाले हिस्से मे खाना बनाया जा रहा था ऊपर वाले कमरे मे पूजा हो रही थी.

# एमपी कृषि विकास का अग्रणी राज्य

## तकनीकी नवाचार किसानों की आय वृद्धि का महत्वपूर्ण आधार : मुख्यमंत्री

**23 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगातें**

**10 स्टार्टअप्स को 10 करोड़ से अधिक की स्वीकृति**



**जबलपुर, 8 अप्रैल. मध्यप्रदेश कृषि, परंपरा, वैज्ञानिक अनुसंधान और आधुनिक तकनीक के समन्वय से देश में कृषि विकास का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है. किसानों की मेहनत, कृषि वैज्ञानिकों के शोध और सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश ने दलहन, तिलहन और खाद्यान्न उत्पादन में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं. उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसान अब एक फसल से आगे बढ़कर दो एवं तीन फसली कृषि प्रणाली अपनाते हुए नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं.**

उक्त बातें मुख्यमंत्री डॉ. यादव जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में आयोजित कृषि मंथन कार्यक्रम को संबोधित कर कही.

उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत कृषि नवाचारों, शोध परियोजनाओं, स्टार्टअप मॉडलों एवं आधुनिक तकनीकी प्रदर्शनों का अवलोकन करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में तकनीकी नवाचार किसानों की आय वृद्धि का महत्वपूर्ण आधार बन रहे हैं. ड्रोन तकनीक, उन्नत कृषि यंत्र, प्राकृतिक खेती मॉडल, उन्नत बीज एवं प्रसंस्करण आधारित नवाचारों से कृषि का स्वरूप बदल रहा है. इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन सहित कुल 23 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से निर्मित विभिन्न इकाइयों का लोकार्पण किया. साथ ही 'जवाहर चारा डिजिटल स्कैनर' एवं कृषि अनुसंधान ट्रैकिंग एप का भी विमोचन किया.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जबलपुर के कृषि विश्वविद्यालय को सात दशकों के इंतजार के बाद प्रशासनिक भवन की सौगात मिली है. 13 करोड़ रूपये की लागत से बने इस नवीन प्रशासनिक भवन को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी प्रशासनिक भवन के नाम से जाना जायेगा.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम में 23 करोड़ 21 लाख की लागत के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण कर विकास की सौगाते दी. जिनमें प्रमुख रूप से 13 करोड़ रूपये की लागत से बने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के नवीन प्रशासनिक भवन, 1.11 करोड़ रूपये लागत के बोहानी गन्ना अनुसंधान केन्द्र के प्रशासनिक भवन, 1 करोड़ रूपये लागत के बालाघाट जिले के कृषि महाविद्यालय वारासिवनी के कौशल विकास केन्द्र के साथ ही जबलपुर में 1.26 करोड़ रूपये से बने स्वचालित तरल जैव उर्वरक उत्पादन केन्द्र का लोकार्पण किया.

### प्रदर्शनी में देखने मिले विभिन्न रंग के आलू-टमाटर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों और आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि कृषि वैज्ञानिकों के अनुसंधान ने कमाल कर दिया है, जिसके फलस्वरूप आज विश्वविद्यालय में लगाई गई प्रदर्शनी में बेर का जूस, महुये का जूस, पीला तरबूज, विभिन्न रंग के आलू-टमाटर आदि देखने को मिले हैं. वैज्ञानिकों ने फसलों की उत्पादन के साथ उनके पौष्टिकता को भी बढ़ाया है.

### कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने पर चर्चा

एक अलग संवाद सत्र में डॉ. मोहन यादव ने कृषि वैज्ञानिकों के साथ चर्चा कर कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने और उत्पादों की बाजार तक पहुंच आसान करने पर जोर दिया. उन्होंने क्षेत्रीय अनुकूलता के आधार पर खेती और आधुनिक तकनीकों के प्रभावी प्रसार के निर्देश दिए.

### कृषि स्टार्टअप्स को स्वीकृति के आदेश

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित 10 स्टार्टअप्स को 10 करोड़ रूपये से अधिक के स्वीकृति आदेश का वितरण किया. साथ ही कृषक अधिकार संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर पीपीव्ही, एफआर ऑथॉरिटी नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय को प्रदान किया.

# टैक्सी ड्राइवर की आत्महत्या मामले में सब इंस्पेक्टर निलंबित



- वीडियो में एसआई पर लगाए थे आरोप
- जांच में जुटी पुलिस, 50 हजार मांग की पुष्टि नहीं

नव भारत न्यूज

**इंदौर. राऊ क्षेत्र में एक टैक्सी ड्राइवर की आत्महत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है. सुसाइड से पहले बनाए गए वीडियो में युवक ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए थे, जिसके बाद विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित सब इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया है.**

जानकारी के अनुसार, सोमवार रात अभिषेक नामक युवक की टैक्सी एक कार से टकरा गई थी. इसके बाद विवाद बढ़ा और दोनों पक्ष थाने पहुंचे. इसी दौरान कथित तौर पर विवाद और दबाव की स्थिति बनी, जिसका जिक्र युवक ने वीडियो में किया है. उसने यह भी आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष को परिचित होने के कारण छोड़ दिया. मामले में राऊ थाने में मर्ग कायम किया है. तत्काल डीसीपी जोन 1 कृष्णलाल चंदानी ने संबंधित सब इंस्पेक्टर को निलंबित कर पुलिस लाइन अटैच कर दिया है. पूरे प्रकरण की जांच एसीपी गांधीनगर को सौंपी गई है, जिन्हें तीन दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं. एसीपी निधि सक्सेना का कहना है कि मृतक के खिलाफ पूर्व में किशनगंज थाने में लूट का मामला भी दर्ज रहा है. फिलहाल, पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है और सभी पहलुओं को खंगाला जा रहा है.

# नपा परिषद का लिपिक रिश्वत लेते पकड़ाया




**नरसिंहपुर, 8 अप्रैल. जबलपुर की लोकायुक्त पुलिस की टीम ने आज नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर में कार्यरत लिपिक संजय कुमार तिवारी को 25000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है. संजय कुमार तिवारी द्वारा ठेकेदार से कार्य के भुगतान के बदले यह रिश्वत ले रहा था.**

इस संबंध में लोकायुक्त एसपी अंजुलता पटले ने बताया कि भीष्म नारायण सिंह राजपूत निवासी शांति नगर दमोह नाका जबलपुर ने पेवर ब्लॉक कार्य का भुगतान प्राप्त होने के बाद उनकी एफडीआर और बैंक गारंटी वापस लौटाने के लिए आवेदन किया. जिसके बदले लिपिक संजय कुमार तिवारी 52000 की मांग कर रहा था. आपसी बातचीत के दौरान यह सौदा 38000 में तय हुआ. इसके बाद भीष्मनारायण सिंह ने मामले की शिकायत लोकायुक्त एसपी अंजुलता पटेल से की.

फिर आज आफिस पहुंचकर रिश्वत की पहली किश्त 25 हजार रुपए बाबू संजय कुमार तिवारी को दी, तभी लोकायुक्त टीम ने दबिश देकर संजय को रंगे हाथ पकड़ लिया.

लोकायुक्त टीम के हत्थे चढ़ते ही बाबू स्तब्ध रह गया. वहीं आफिस में यह खबर आग की तरह फैल गई, देखते ही देखते आफिस के अन्य कर्मचारी एकत्र हो गए, जिनके बीच तरह तरह की चर्चाए व्याप्त रही. आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधित 2018 की धाराओं 7, 13,1, और 13,2 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है. इस कार्रवाई में निरीक्षक राहुल गजभिए और निरीक्षक बृज मोहन सिंह नरवरिया सहित अन्य सदस्य शामिल रहे.



### कूनो से निकली मादा चीता वीरा सबलगढ़ में दिखी

श्योपुर. कूनो नेशनल पार्क से बाहर निकली मादा चीता 'वीरा' अपने शावक के साथ सबलगढ़ इलाके के गांवों के पास पहुंच गई है. उक्त चीता को आज सबलगढ़ की अटार पंचायत के मदनपुरा गांव में ग्रामीणों ने भैंसों का शिकार करने की कोशिश करते देखा, जिसके बाद शोर मचाकर उसे खदेड़ दिया गया. ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है. वन विभाग ने निगरानी बढ़ाते हुए ग्रामीणों से सतर्क रहने को कहा है.

# पुलिस की सख्ती के आगे नहीं चली वकीलों की

- हरियाणा से आए वकील नशे में पाए जाने पर कार की जब्त
- दूसरे दिन भरा चालान तब छोड़ी गई कार



नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में चल रही सख्त चेकिंग का असर अब साफ नजर आने लगा है. हीरानगर पुलिस ने सोमवार देर रात एमआर 10 चौराहे पर सुप्रीम कोर्ट के दो वकीलों समेत उनके साथियों को नशे में वाहन चलाते पकड़ लिया. खास बात यह रही कि खुद को वकील बताकर दबाव बनाने की कोशिश भी पुलिस के सामने नहीं चली और नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की गई.**

थाना प्रभारी सुशील पटेल टीम ने बताया कि पुलिस की टीम चेकिंग कर रही थी. इसी दौरान हरियाणा नंबर की कार को रोका. जांच में सभी सवार शराब के नशे में मिले. थाना प्रभारी का कहना है कि वाहन छोड़ने के लिए उन्होंने अपना परिचय और प्रभाव दिखाने की कोशिश की, लेकिन टीम ने साफ कर दिया कि कानून सबके लिए बराबर है. पुलिस ने मौके पर ही कार जब्त कर ड्रिंक एंड ड्राइव में चालान बनाया दिया. नशे की स्थिति ज्यादा होने के कारण वैकल्पिक ड्राइवर बुलाने की बात भी नहीं मानी गई. इसके बाद सभी लोग टैक्सी से होटल रवाना हो गए. अगले दिन संबंधित वकीलों ने स्थानीय वकील की मदद से चालान जमा कर वाहन छुड़वाया, लेकिन पुलिस की सख्ती का संदेश साफ रहा, नियम तोड़ने पर किसी को भी रियायत नहीं मिलेगी. मामले में अधिकारियों का कहना है कि शहर में लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ड्रिंक एंड ड्राइव करने वालों पर इसी तरह कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि सड़क पर लापरवाही पर लगाम लगाई जा सके.

# जमीन विवाद में आया नया मोड़

- सूरज रजक ने 50 लाख किराए की डील का किया दावा
- एक तरफा हुई एफआईआर शराब कारोबारी बोला



नव भारत न्यूज

**इंदौर, 8 अप्रैल. जमीन विवाद में दर्ज एफआईआर के बाद शराब कारोबारी व क्रिकेट टीम मालिक सूरज रजक ने पलटवार करते हुए पूरे मामले को गलत और एकतरफा बताया है. उनका कहना है कि संबंधित परिवार की सहमति से 50 लाख रुपए सालाना किराए पर जमीन देने की बात तय हुई थी, लेकिन अब उन्हें फंसाया जा रहा है.**

रजक के मुताबिक, रेमन कक्कड़ के परिवार ने घर बुलाकर डील फाइनल की थी और जमीन को पहले से विवादित व सरकारी बताते हुए लिखित अनुबंध से बचने की बात कही थी. इसी सहमति के बाद उन्होंने काम शुरू कराया. उनका दावा है कि रेमन कक्कड़ के भाई रणधीर उर्फ बंटी सलूजा खुद उन्हें जमीन दिखाने ले गए थे और नक्शा तैयार कराने को कहा था. कारोबारी ने आरोप लगाया कि उक्त जमीन को लेकर परिवार पहले भी अन्य लोगों से सौदे कर चुका है और पैसों के विवाद कोर्ट में लंबित हैं.

### रेमन के परिवार ने रजक के सभी दावों को झूठा बताया


उनके अनुसार, परिवार के आपसी विवाद के चलते अब उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है. उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज करने से पहले उनका पक्ष नहीं लिया, जबकि 3 अप्रैल को एक आवेदन थाने में उनके द्वारा दिया जा चुका था. इधर, रेमन कक्कड़ के परिवार ने रजक के सभी दावों को झूठा बताया है और किसी भी तरह की डील या सहमति से इनकार किया है, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.

### सांसद कुशवाह ने 2 करोड़ 30 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

ग्वालियर. पोहरी विधानसभा की ग्राम पंचायतों में सांसद भारत सिंह कुशवाह ने 2 करोड़ 30 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। ग्राम पंचायत वागौदा के ग्राम हुसैनपुर में 25 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन एवं 11.97 लाख की लागत राशि से बनने वाली आंगनबाड़ी भवन का भूमिपूजन, ग्राम पंचायत खौदा के ग्राम गूगरगांव में 25 लाख की लागत राशि से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन एवं ग्राम पंचायत भदरौनी के ग्राम सेगाडा और सेवाखेड़ी में 25 -25 लाख के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत ड़ागवर्वे और ऐसवाया में 15-15 लाख के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया.

# ऑस्ट्रेलियाई संसद में हनुमान चालीसा पाठ

## पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की ऑस्ट्रेलिया यात्रा



**सिडनी, 08 अप्रैल. छतरपुर जिले के बागेश्वर पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर हैं. यहां पार्लियामेंट ऑफ ऑस्ट्रेलिया यानी वहां की संसद में हनुमान चालीसा पाठ किया गया. उन्होंने विश्वशांति और भारतीय संस्कृति विषय पर संबोधन भी दिया.**

पंडित शास्त्री ने अमेरिका-इजराइल और ईरान के युद्ध पर कहा कि इससे खतरनाक युद्ध तो भारत में महाभारत का हुआ था, लेकिन जिस जमीन के लिए महाभारत हुई, वह जमीन आज भी मौजूद है, लेकिन जो लड़े वह निपट गए. युद्ध कोई रास्ता नहीं है.

एक कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्राध्यक्ष सुन लें कि शांति को पाने का एक ही रास्ता है कि संतुष्ट हो जाएं. उन्होंने कहा कि युद्ध जरूर लड़े जाएं, लेकिन मिसाइल, गोला-बारूद से नहीं, बल्कि गरीबी से लड़ना चाहिए. इसमें प्रतियोगिता होना चाहिए कि कौन सा देश सबसे पहले अपने यहां से गरीबी दूर करता है.

# रसूखदार कारोबारी पर दुष्कर्म की एफआईआर



**जबलपुर, 8 अप्रैल. घमापुर क्षेत्र में एक रसूखदार केक व्यापारी द्वारा शादी का झांसा देकर युवती को अपने जाल में फंसाया और लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण किया. इस मामले को लेकर मंगलवार रात घमापुर थाने में घंटों हंगामा चला, जहाँ राजनीतिक रसूख के दम पर मामले को दबाने की कोशिश भी की गई. हालांकि देर रात्रि एफआईआर दर्ज कर ली गई.**

पुलिस के अनुसार, झामन दास चौक निवासी ललित कुंदवानी की घमापुर में केक की दुकान है. यहाँ काम करने वाली एक 25 वर्षीय तलाकशुदा महिला ने आरोप लगाया है कि आरोपी ललित ने उसकी मजबूरी और नौकरी का फायदा उठाते हुए उसे अपने झांसे में लिया. पीड़िता ने बताया कि मार्च 2025 में आरोपी ने पहली बार उसके साथ जबरदस्ती की. इसके बाद, आरोपी उसे शादी का लालच देकर लगातार घर, होटल और अन्य स्थानों पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा.

जब महिला ने शादी के लिए दबाव बनाया, तो शादीशुदा ललित अपने वादे से मुकर गया और उसे डराने-धमकाने लगा.

मंगलवार रात जब पीड़िता अपनी शिकायत लेकर घमापुर थाने पहुँची, तो वहाँ भारी गहमागहमी की स्थिति बन गई. महिला का गंभीर आरोप है कि एक राजनैतिक पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी ने उसे केस न दर्ज कराने की धमकी दी. खबर फैलते ही बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी थाने पहुँच गए थे और जमकर हंगामा किया. रसूखदारों के हस्तक्षेप के कारण पुलिस पर भी दबाव बनाने की कोशिश की गई.

# 4 करोड़ 50 लाख की लागत से बनेगा बालक छात्रावास

**आलीराजपुर, 8 अप्रैल.** कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान के प्रयासों से जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है. जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिले के 9 शासकीय हाई स्कूलों के भवन निर्माण हेतु प्रति स्कूल 3 करोड़ 96 लाख 26 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है. इसके साथ ही शासकीय जनजातीय महाविद्यालयीन बालक छात्रावास के निर्माण के लिए 4 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई है. विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि केबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान द्वारा बेहतर शिक्षा हेतु किए गए प्रयासों से प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा निरन्तर स्वीकृतियां जारी की जा रही है. इसी के साथ क्रांतिकारी शहीद छीतू किराड़ स्नातकोत्तर महाविद्यालय आलीराजपुर में जनजातीय बालक छात्रावास का निर्माण होगा.

**एक नजर** | **हाईटेक हुए बुकी, पुलिस कार्रवाई से निकले आगे**

# 20-20 में भी रहे खाली हाथ, बुकी लगा रहे खुलेआम आईपीएल में दाव



मनासा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरू होते ही शहर में क्रिकेट सट्टे का अवैध कारोबार एक बार फिर जोर पकड़ता नजर आ रहा है। सूत्रों के अनुसार, शहर के विभिन्न इलाकों में सट्टेबाजी का नेटवर्क सक्रिय हो गया है, जहां आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर बुकी खुलेआम इस गैरकानूनी धंधे को संचालित कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि 20-20 वर्ल्ड कप के दौरान भी पुलिस को इस अवैध कारोबार के खिलाफ कोई खास सफलता हाथ नहीं लगी थी। अब इसके दौरान फिर वही स्थिति बनती दिख रही है,

**हाईटेक हुए सट्टेबाज ऑनलाइन नेटवर्क का इस्तेमाल-** क्रिकेट सट्टे के बुकी अब पूरी तरह हाईटेक हो चुके हैं। वे अन्य राज्यों में बैठकर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और मोबाइल एप्स के जरिए इस अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। सट्टा लगाने वालों को ऑनलाइन आईडी दी जाती है, जिसके माध्यम से लाखों रुपए का लेन-देन हो रहा है। यह पूरा नेटवर्क बेहद गोपनीय तरीके से संचालित किया जा रहा है, जिससे स्थानीय पुलिस के लिए कार्रवाई करना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

**युवाओं में तेजी से फैल रहा सट्टे का नशा** -चिंता की बात यह है कि यह अवैध कारोबार अब युवाओं को अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है। आसान पैसे के लालच में युवा ऑनलाइन सट्टेबाजी की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जो धीरे-धीरे नशे की तरह फैलता जा रहा है। कई युवा इसके कारण आर्थिक और मानसिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

**क्रिकेट सट्टे के साथ अखबर का कारोबार भी चरम पर**-क्रिकेट सट्टे के साथ-साथ 'अखबर' नामक पारंपरिक सट्टेबाजी भी इन दिनों अपने चरम पर है। शहर के कई हिस्सों में यह धंधा बिना किसी डर के संचालित हो रहा है। इस पुरे मामले में पुलिस का चिता फ़ोर्स या मुखबिर तंत्र पूरी तरह कमजोर साबित हो रहा हे, जिसके कारण इस अवैध नेटवर्क पर लगाम नहीं लग पा रही है।

इस बढ़ते अवैध कारोबार पर जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, युवाओं को इस बुरी लत से बचाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाए जाने की आवश्यकता है। यदि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह अवैध सट्टेबाजी का जाल और अधिक फैल सकता है, जिससे समाज पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका है।

### इनका कहना...

पुलिस का मुखबिर तंत्र कमजोर हे, इसी कारण पुख्ता जानकारी नहीं मिल रही हे जल्दी ही प्रयास करके कार्यवाही की जाएगी,

- नीलेश अवस्थी
थाना प्रभारी मनासा

# नर्सिंग ऑफिसर की नियुक्ति में जवाब-तलब

## याचिका पर अगली सुनवाई 15 अप्रैल को होगी

**जबलपुर, 8 अप्रैल. नर्सिंग ऑफीसर भर्ती में महिलाओं को सौ फीसदी आरक्षण दिये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी. जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए सरकार से पूछा है कि जेंडर के आधार पर भेदभाव क्यों किया जा रहा है. याचिका पर अगली सुनवाई 15 अप्रैल को होगी.**

याचिकाकर्ता संतोष कुमार लोधी सहित कई अन्य पुरुष अभ्यर्थियों ने दायर याचिका में नर्सिंग ऑफिसर के भर्ती विज्ञापन को चुनौती दी है. याचिका में कहा गया था कि कर्मचारी चयन मंडल द्वारा 2 अप्रैल 2026 को जारी विज्ञापन (नर्सिंग ऑफिसर एवं सिस्टर ट्यूटर भर्ती परीक्षा-2026) में नर्सिंग ऑफिसर के सौ प्रतिशत पद केवल महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित किये गये है. इससे योग्य पुरुष अभ्यर्थी आवेदन करने से पूरी तरह वंचित हो गए हैं.

मध्य प्रदेश चिकित्सा शिक्षा (अराजपत्रित) सेवा भर्ती एवं पदोन्नति नियम, 2023 के तहत नर्सिंग ऑफिसर के पद के लिए कोई लिंग-आधारित प्रतिबंध नहीं है.

मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग ऑफिसर के भर्ती विज्ञापन में किया गया यह प्रावधान वैधानिक नियमों के विपरीत है. तर्क दिया गया है कि पुरुष और महिला दोनों एक ही पाठ्यक्रम (बीएससी नर्सिंग/जीएमएम) पढ़ते हैं और उनके पास समान योग्यता व पंजीकरण होता है.

जेंडर के आधार पर सार्वजनिक रोजगार से पूर्णत: बाहर करना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 का उल्लंघन है. याचिका में राहत चाही गयी थी कि विज्ञापन के उस हिस्से को निरस्त किया जाए जो 100 प्रतिशत पदों को महिलाओं के लिए आरक्षित करता है. याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता विशाल बघेल ने पैरवी की.